सार-समाचार

## टीबी उन्मूलन अभियान पर बैठक 10 को

**बूंदी।** तंबाकू मुक्त युवा अभियान और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत तथा टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए आगामी 10 नवंबर को सुबह 9:30 बजे से होटल लिलेक स्टेशन रोड कोटा में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ, जयपुर के निदेशक (जन स्वा.) के निर्देशानुसार समीक्षा बैठक सुबह 9.30 बजे से संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में होगी। बैठक में कोटा संभाग में टोबेको फ्री यूथ कैम्पेन 3.0 के अंतर्गत समीक्षा बैठक और टीबी उन्मूलन अभियानों की प्रगति का मूल्यांकन कर लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में गति लाने के प्रयासों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## विकास कार्यो का शिलान्यास

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने आज कोटा जिले की रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के कोटा निगम के वार्ड नंबर 8 गणेश नगर में 4 करोड़ 51 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए दिलावर ने कहा कि पिछले लगभग 7 साल के कार्यकाल सभी वार्डो का कायाकल्प हो गया हैं। सभी वार्डों में आवश्यकता अनुसार पर्याप्त विकास के कार्य कराए गए है। जो-जो आपने मांग रखी वह सब पूरी की गई है। आगे भी जो भी आवश्यकता होगी उसकी पूर्ति की जाएगी। मंत्री दिलावर ने कहा कि जिस सड़क का शिलान्यास आज हो रहा है इसे हम पहले ही बनना चाहते थे परंतु मोहल्ले वालों ने कहा कि नहीं हमें तो डम्बर की सड़क चाहिए। हमने कहा चलों वहीं बना देते हैं। बाद में जब सड़क टूट गई और आसपास मजबूत सीसी सड़कें बन गई तो मोहल्ले वालों ने मांग ककि हमारे भी सीसी सड़क बनाओ। आज हम एक करोड़ 35 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का शिलान्यास कर रहे है। सड़क के साथ ही मंत्री दिलावर ने क्षेत्र के पार्कों के विकास के लिए एक करोड़ 74 लाख, हरियालों राजस्थान में वृक्षारोपण के लिए 83.40 लाख के कार्यों का शिलान्यास भी किया।

## विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। रामगंजमंडी अस्पताल में शनिवार को विश्व रेडियोग्राफी दिवस मनाया गया। यह दिवस हर साल 8 नवंबर को एक्स-रे की ऐतिहासिक खोज की याद में मनाया जाता है, जिससे चिकित्सा निदान के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। इस वर्ष 2025 की थीम इमेजिंग उत्कृष्टता के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को सशक्त बनाना है। जर्मन वैज्ञानिक विलहेलम कॉनरैड रॉन्टजन ने 8 नवंबर 1895 को एक्स-रे की खोज की थी। इस खोज ने बीमारियों के निदान के तरीके को पूरी तरह से बदल दिया,जो चिकित्सा विज्ञान में एक मील का पत्थर साबित हुई। एक्स-रे के साथ-साथ सीटी स्कैन, एमआरआई,पेट स्कैन, डेक्सा स्कैन और कोबाल्ट थेरेपी जैसी आधुनिक तकनीकों ने मरीजों की बीमारियों की जांच और सटीक निदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** स्थानीय भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महाविद्यालय में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मांगो को लेकर एसएफआई व एसबीपी इकाई कमेटी ने विरोध प्रदर्शन कर कॉलेज प्राचार्य को ज्ञापन सौपा। स्टूडेंट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया के जिला सचिव विक्रम एवं जिलाध्यक्ष जितेश कुमार ने विरोध करते हुए कहां डूंगरपुर जिला राजस्थान का दक्षिण में स्थित एक बाहुल्य क्षेत्र में शामिल है जिले मुख्यालय पर सबसे बडा महाविद्यालय है,लेकिन यहां शिक्षा का कोई महत्व नहीं रहा है एसबीपी कॉलेज में 8 हजार विद्यार्थियों का एडमिशन है 81 स्वीकृत व्याख्याता के पद है और मौजूदा स्थित में 32 व्याख्याता है। प्राचार्य के सहित ऐसे में यहां इस कॉलेज में पढने वाले हजारों छात्रों का भविष्य एक गहरी खाई में डाला जा रहा है, सांस्कृतिक पूंजी यह सुनिश्चित करती है कि बच्चों को पारिवारिक वातावरण द्वारा अनजाने में ही उच्च शिक्षा या अपने परिवार की स्थिति के अनुरूप उच्च पद प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यह उन व्यक्तियों के लिए नुकसानदेह है,जो पहली पीढी के शिक्षार्थी हैं और ऐसे समुदायों से आते हैं जिनके पारंपरिक व्यवसायों के परिणाम स्वरूप खुली परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक कौशल का संचरण नहीं होता है। उन्हें अपने आगे के समुदायों के साथियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अतिरिक्त प्रयास करना पडता है।

## टीएडी मंत्री करेंगे शिरकत

**डूंगरपुर।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 15० वर्ष पूर्ण होने पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के तहत रविवार को पैदल एवं बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराडी तथा गणमान्य जनप्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि पैदल रैली रविवार को प्रातः 9 स्थानीय लक्ष्मण मैदान से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, पुराना बस स्टैंड, शास्त्री मार्ग, नया बस स्टैंड होते हुए शहीद पार्क पहुंचेगी। शहीद पार्क में स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके पश्चात जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसीक्रम में बाइक रैली लक्ष्मण मैदान से प्रारंभ होकर साबेला बाईपास, परशुराम चौराहा, प्रताप सर्कल चौराहा, राणा पूजा भील चौराहा होते हुए शहीद पार्क पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु प्रभारी नियुक्त करते हुए दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## 8 बच्चे बीमार मिलने पर हॉस्टल पर कार्यवाही

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर शहर के सेंट पॉल स्कूल के खिलाफ शिक्षा विभाग ने बडी कार्रवाई की है। स्कूल के हॉस्टल में गडबडयिां सामने आने के बाद विभाग ने आगामी सत्र 2०26-27 से स्कूल में कक्षा 9 वीं और 10० वीं में एडमिशन पर रोक लगा दी है। ाात रहें कि 16 सितंबर को जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की टीम ने स्कूल के पातेला स्थित हॉस्टल का निरीक्षण किया थाए जिसमें गंभीर लापरवाहियां सामने आईं। निरीक्षण के दौरान हॉस्टल में 8 बच्चे बीमार मिलेए जिनमें 2 छात्राएं भी शामिल थीं। बच्चों को तत्काल डूंगरपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हॉस्टल में गंदगी के हालात, खाने की प्लेटों में फफूंदी पौष्टिक आहार की कमी, और बिजली की सुविधा तक न होने की बात जांच में सामने आई। साथ ही, हॉस्टल बिना किसी मान्यता के अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) रणछोडलाल ने बताया कि पूरी रिपोर्ट निदेशालय को भेजी गई थी। इस पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने आदेश जारी करते हुए कहां कि सेंट पॉल स्कूल डूंगरपुर में अगले शैक्षणिक सत्र 2०26-27 में कक्षा 9 वीं और 10० वीं के नए प्रवेश नहीं होंगे।

# कोटा में अग्रवाल समाज का अन्नकूट महोत्सव आज

- 151 महिलाओं की टीम संभालेंगी रसोई
- अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोटा के साथ विभिन्न अग्रवाल संस्थाएं मिलकर करेगी आयोजन
- 21 दंपतियों का होगा स्वर्ण जयंती सम्मान, समाज के उत्थान व कुरुतियों का त्यागने का देंगे संदेश

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन जिला कोटा के तत्वावधान में विभिन्न अग्रवाल संस्थाओं के सहयोग से रविवार को शाम 5 बजे दशहरा मैदान में अन्नकूट का आयोजन किया जाएगा। संस्था के चेयरमैन रामगोपाल अग्रवाल, जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंघल व महामंत्री रमेश गोयल ने बताया कि इस अवसर पर मंच से समाज के उत्थान, एकता और सामाजिक कुरीतियों के त्याग का संदेश दिया जाएगा। समाज के सभी सदस्यों को "जूठन नहीं छोड़ने" तथा स्वदेशी अपनाने की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही भामाशाहों एवं समाजसेवकों का सम्मान किया जाएगा। अखिल भारतीय अग्रवाल युवा सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमराज जिंदल ने बताया कि कार्यक्रम में हाड़ौती संभाग के सभी जिलों से अग्रबंधु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समाज के हर घर तक आमंत्रण कूपन पहुंचाए जा चुके हैं और पीले चावल बांटकर अग्रबंधुओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। युवा अध्यक्ष सुमित जैन और महामंत्री लोकेश गुप्ता ने बताया कि अन्नकूट के दौरान भगवान गिरिराज धरण की भव्य झांकी सजाई जाएगी। भगवान को 56 छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। भोजन व्यवस्था प्रभारी जयंत अग्रवाल व रमेश अग्रवाल ने बताया कि करीब 100 कारीगरों की टीम प्रसादी तैयार करने में जुटी है। इसमें लगभग 5 क्विंटल सब्जी, 20 क्विंटल आटा, 50 टीन देशी घी, 80 पीपे तेल, 15 क्विंटल शक्कर और विविध खाद्य सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। संस्था के युवा अध्यक्ष सुमित जैन, महामंत्री लोकेश गुप्ता व मुख्य संयोजक हरिप्रसाद अग्रवाल ने बताया कि वैवाहिक जीवन में 50 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके दंपत्तियों का मंच से स्वर्ण जयंती सम्मान किया जाएगा। दिन में मेहंदी, हल्दी की रस्म और महिला संगीत का आयोजन भी रखा गया है। जिससे कार्यक्रम को पारंपरिक रंगत मिलेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी परमानंद गोयल व प्रवक्ता संजय गोयल ने बताया कि आयोजन की सुचारू व्यवस्था के लिए 25 समितियां गठित की गई हैं। जिनमें भोजन, मंच संचालन और अतिथि सत्कार समितियां प्रमुख हैं। स्वागत अध्यक्ष संतोष राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि भोजन एवं आतिथ्य की जिम्मेदारी 151 महिलाओं की विशेष टीम को सौंपी गई है। महिला अध्यक्ष शमा गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में भोजन वितरण पूरी तरह महिलाओं द्वारा किया जाएगा। सभी महिलाएं एक जैसी साड़ी में उपस्थित होंगी। जो एकता और अनुशासन का प्रतीक होगा। इस अवसर पर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, भाजपा नेता जगदीश जिंदल, संदीप अग्रवाल चांदीवाला, डॉ. आरके राजवंशी ने कहा कि अन्नकूट महोत्सव का उद्देश्य समाज में एकता, सेवा और संस्कारों की भावना को प्रबल करना है। अग्रवाल समाज के गौरव और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनेगा। इस अवसर पर प्रवीण अग्रवाल, ललित एरन, अनूप सिंघल, टीकम खांडवाला, संतोष गुप्ता, जगदीश अग्रवाल चूनेवाले, जगदीश अग्रवाल प्रॉपर्टी, राजकुमार गोयल, महेंद्र मित्तल, उमा सिंघल, मंजू मित्तल, महिला महामंत्री हेमलता गुप्ता, स्वाति गर्ग युवती अध्यक्ष वर्षा गुप्ता, राखी बंसल, मयंक मित्तल, रीना गुप्ता, अदिति, आरती, ईशा, लक्की बंसल, कनक बंसल, गगन बंसल, किशोर अग्रवाल, सुरेंद्र गोयल, रवींद्र गोयल, कार्तिक मित्तल, कैलाश जैन, किशन गुप्ता, ओमप्रकाश मित्तल, चेतन गोयल, युवराज गुप्ता, राधेश्याम मित्तल, धर्मेंद्र अग्रवाल उपस्थिति थे।

## जानलेवा हमले के तीन आरोपी गिरफ्तार

- मुंह पर कपड़ा बांधकर आये चार बदमाशों ने लोहें के पाईप से जानलेवा हमला कर दिया

**कोटा, ( निसं )।** अयाना पुलिस टीम ने जानलेवा हमले के दर्ज मामले में कार्यवाही करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि फरियादी विजय शंकर ने अयाना थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि 8 अक्टुबर को कॉलेज से लौटते समय करजोदा मार्ग पर सहरिया की झोपड़ियों के पास पहुंचा तभी मुंह पर कपड़ा बांधकर आये चार बदमाशों ने लोहें के पाईप से अचानक से जानलेवा हमला कर दिया। ग्रामीण एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए हमलावरों की गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के निर्देशन पुलिस उप अधीक्षक इटावा शिवम जोशी के सुपरविजन में अयाना थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी उम्मेद सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई। ग्रामीण एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनिकी आधार पर अनुसंधान करते हुए जानलेवा हमले के मामले में नौनेरा निवासी अरविन्द मीणा (19), मोरखुंदा निवासी रामवतार मीणा (22) एवं विक्रम केवट (19) को गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपियो से अनुसंधान जारी है।

## 'आमजन की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करें'

**कोटा, ( निसं)।** आमजन के प्रति पुलिस में विश्वास बढ़ाने एवं उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने के उद्देश्य को लेकर शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने कैथूनीपोल थाना परिसर में शहर के पांच थानों के परिवादों की जनसुनवाई की एवं कई परिवादो का मौके पर निस्तारण के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आमजन की शिकायतो, समस्याओं के निराकरण एवं उन पर कार्यवाही हेतु पुलिस थाना कैथूनीपोल, कोतवाली, मकबरा, किशोरपुरा और गुमानपुरा क्षेत्र के परिवादो की सुलभ सुविधा हेतु कैथूनीपोल थाने पर जनसुनवाई की गई। शहर एसपी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना एवं कई मामलो का मौके पर निस्तारण के लिये पुलिस को निर्देश दिये गये। शहर एसपी ने कहा कि इस मौके पर मौजूद लोगों को पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन गुरूड्व्यूह की भी जानकारी दी गई साथ ही लोगों से नशे से जुड़ी अवैध गतिविधियों के संबध में जानकारी देने के लिये शहर पुलिस के व्हाट्सएप नम्बर 9530443141 पर साझा करने की अपील की। जनसुनवाई के दौरान पुलिस उप अधीक्षक वृत प्रथम एवं तृतीय सहित कैथूनीपोल, कोतवाली, मकबरा, किशोरपुरा व गुमानपुरा के थानाधिकारी मौजूद रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर शहर भाजपा की बैठक सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने बताया की मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम कोटा संभाग प्रभारी मानसिंह बारहड के मुख्य आतिथ्य में, भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर की बैठक जी.एम.ए.सभागार, जी.एम.ए.प्लाजा में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम कोटा संभाग प्रभारी मानसिंह बारहड ने बताया की भाजपा पार्टी के सभी बीएलए-2 को सुनिश्चित करना हैं कि कोई भी वैध मतदाता सूची में सम्मिलित होने से वंचित ना रहे एवं अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो। इस अभियान का उद्देश्य मतदाता सूचीयों को सुधार के साथ शुद्ध बनाते हुए स्थानांतरित या दोहरे नामों को हटाकर पात्र नए मतदाताओं के नाम जोड़ना है। इसके लिए हर इलाके में पार्टी बीएलए-2 घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे।

जिन वोटरों का नाम साल 2002 की मतदाता सूची में शामिल है, उनका ऑनलाईन वेरिफिकेशन होगा और उन्हें कोई दस्तावेज दिखाने की जरूरत नहीं होगी।

जिलाध्यक्ष राकेश जैन ने कोटा शहर मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर, भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे विस्तृत जानकारी दी। भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से राजस्थान प्रदेश में आयोजित कार्यक्रम विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) में भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर के बीएलए-2, आमजन के साथ सहयोगात्मक रूप से घर-घर जाकर संपर्क करते हुए मतदाताओं एवं उनके संबंधियों के नाम होने के संबंध में राज्य में हुई विगत एसआईआर अर्हता 01.01.2002 के आधार पर मैपिंग/लिकिंग में पूरा सहयोग कर रहे है। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, पूर्व महापौर महेश विजय, पूर्व उपमहापौर सुनिता व्यास, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, हेमंत विजय, एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री अशोक मीणा, जिला महामंत्री रितेश चित्तौड़ा, महावीर नायक, शैलेन्द्र ऋषि, मन की बात प्रमुख महेन्द्र सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला महामंत्री जगदीश जिंदल, जिला उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, जिला का.स. कीर्तिकांत गोयल, मण्डल अध्यक्ष दिनेश सरसिया, संजय समीर सैनी, ओम शंकर सुमन, पन्नालाल बंजारा, अक्षय चौधरी, मनोज गोस्वामी, मनोज तलाईचा, मण्डल प्रतिनिधि सोनिया सिंह राठौड़, महेन्द्र गर्ग, धर्मेन्द्र सिंह हाडा, पारस खींर्ची, बृजमोहन गौड़, गजेन्द्र सिंह देवड़ा, भूपेन्द्र भाया, सिंपल शर्मा, मण्डल महामंत्री उमेश मेहरा, सतीश लक्षकार, दीपक कुमार खींर्ची, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश शर्मा, दिनेश शर्मा, पंकज वात्स्य, रविन्द्र सिंह हाड़ा, सहित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## परमानन्द विधिक सलाहकार नियुक्त

**रामगंजमण्डी, ( निसं )।** स्वायत्त शासन विभाग ने प्रदेश की विभिन्न स्थानीय निकायों में नए विधिक सलाहकारों की नियुक्ति की है। विभाग ने पूर्व में नियुक्त सभी विधिक सलाहकारों की नियुक्तियों को निरस्त कर यह आदेश जारी किए। इन नियुक्तियों में रामगंजमण्डी नगर पालिका में भी विशाल जैन और परमानन्द अहीर को विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। ये नियुक्तियां नगर परिषद, नगर निगम और नगर पालिकाओं सहित विभिन्न स्थानीय निकायों में की गई हैं।

# चंबल गार्डन बना गुंडों का अड्डा

**कोटा, ( निसं )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने आज फिर नगर निगम को निर्देश दिए हैं की चंबल गार्डन में हो रहे अतिक्रमणों को हटाया जाऐं। चंबल गार्डन को उसके पुराने गौरवशाली स्वरूप में लाया जाए। वर्त्तमान मे चंबल गार्डन की हालत बहुत ज्यादा खराब है।

सरकार ने इसके विकास के लिए बजट भी स्वीकृत किया है जिससे आपको विकास कार्य करने हैं। दिलावर आज यहां कोटा उत्तर-दक्षिण नगर निगम के द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर में रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के शहरी क्षेत्र के लोगों को पट्टा वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

मंत्री दिलावर ने कहा कि चंबल गार्डन पुराने समय में कोटा शहर की पहचान हुआ करता था। लोग कोटा जाने की बात सुनकर उत्साहित हो जाते थे कि हम चंबल गार्डन देखने जाएंगे। आज चंबल गार्डन अतिक्रमियों और गुंडो का अड्डा बन गया है। चंबल गार्डन में मजार के नाम पर कब्जे कर लिए गए हैं।

मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मैंने पूर्व में भी इस बात को लेकर नगर निगम को कहा था की चंबल गार्डन में हुए अवैध अतिक्रमण को तोड़ा जाऐ, किंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। दिलावर ने आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा को इंगित करते हुए कहा कि मैं आज फिर कह रहा हूं कि नगर निगम चंबल गार्डन में हुए अतिक्रमण को हटाए। जिन्होंने अतिक्रमण किए हैं उनसे पट्टा मांगा जाए, यदि उनके पास उस जगह का मालिकाना हक नहीं है तो बगैर नोटिस उनको हटा दिया जाए। फिर चाहे वह अतिक्रमण मजार के नाम पर हो या मंदिर के नाम पर, कोई भी हो। अवैध अतिक्रमण को तुरंत चंबल गार्डन से हटाया जाए।

**निरीक्षण किया :** बांसवाड़ा में छोटी सरवन उपखंड अधिकारी ने क्षेत्र के सघन दौरे के दौरान राजकीय जनजाति बालक छात्रावास व राउमावि घोड़ी तेजपुर आदि का निरीक्षण किया।

सार-समाचार

## अन्नकूट में गूंजे गिरीराज धरण के जयकारे

**कोटा,** (निसं)। आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था द्वारा रविवार को रीको सामुदायिक भवन इन्द्रविहार पर 29वें अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। अन्नकूट महोत्सव स्वदेशी अपनाओं-विदेशी भगाओं, पेड़ लगाओं मानव बचाओं, संस्कारित रहो, संस्कारवान बनों एवं सनातन धर्म में आस्था रखो की थीम पर आयोजित हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में न्यायाधीश एडीजे बीना गुप्ता, नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला, व्यापार महासंघ के अशोक माहेश्वरी, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, वैश्य समाज के महामंत्री केशव गुप्ता, शिक्षाविद महेश गुप्ता अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष हुकम मंगल ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव में भगवान गिरीराज धरण और सालासर बालाजी की आकर्षक झांकी सजाई गई। भगवान को 56 प्रकार की तरकारी तथा 15 प्रकार के फलों से भोग लगाया गया। महाआरती के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। वहीं छात्र छात्राओं के द्वारा भी धार्मिक और राष्ट्रीय भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। जयकारों से आसमान गूंज उठा।निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया-अन्नकूट महोत्सव में चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें 462 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में जयपुर से वरिष्ठ हेल्थ कोच डॉ.विष्णु सिंघल, डॉ.संकेत गुप्ता, डॉ.प्रियंका मंगल एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न निशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में बॉडी मास इंडेक्स, बॉडी वेट, बॉडी फैट, विसरल फैट (आंतरिक चर्बी), मसल मास, बायोलॉजिकल एज (जैविक आयु), ब्लड प्रेशर की जांच की गई। साथ ही, वेट मैनेजमेंट मार्गदर्शन, लाइफस्टाइल डिजीज प्रिवेंशन सलाह भी दी गई। 56 प्रकार की तरकारी का भोग लगाया-भगवान को 56 प्रकार की तरकारी तथा 15 प्रकार के फलों से भोग लगाया। वहीं चावल, बाजरा, कढी, मिठाई, पुड़ी और चपाती का भोग भी लगाया गया। भोग में कढी, रामबाजरा, पुआण की सब्जी, कृष्ण चावल, देवता भरता समेत विभिन्न व्यंजन तैयार कराए गए थे। इस दौरान अग्रवाल समाज के 18 गौत्र उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष घनश्याम गोयल, महामंत्री विष्णु गोयल, मुख्य संयोजक राजेन्द्र जैन, सहसंयोजक राजेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष आरसी गुप्ता, सुरेंद्र मोहन मित्तल, दिनेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम सिंघल, अनिल गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, विशाल गर्ग, सीताराम मंगल, हनुमान अग्रवाल, तरसेम गर्ग, महेंद्र गोयल, कृष्ण चंद्र गुप्ता, डॉ.राजेश गुप्ता, रमेश गोयल, विकास मंगल, एमके गोयल, रवि अग्रवाल, कमलेश गुप्ता, महेश अग्रवाल, सौरव गर्ग, अंकित अग्रवाल, नवीन कुमार सिंघल समेत कई लोग मौजूद रहे।

## गौरव वर्ष कार्यक्रम में 4000 से अधिक महिलाओं ने लिया भाग

**डूंगरपुर।** जनजाति गौरव वर्ष-भगवान बिरसा मुंडा 15० वीं जयंती पखवाडा के अंतर्गत 1 नवंबर से 15 नवंबर तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसीक्रम में शनिवार को राजीविका के माध्यम से जिले के 72 वन धन केंद्रों पर भगवान बिरसा मुंडा के जीवन एवं योगदान के संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 4000००० महिलाओं द्वारा कार्यक्रम में भाग लिया। वनधन विकास केंद्र देवल खास मनात फला में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद हनुमानसिंह राठौड एवं जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका द्वारा जनजाति गौरव वर्ष कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने वन धन केंद्र में चल रही गतिविधियों के बारें में जानकारी भी ली। राजीविका जिला प्रबंधक ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा की 15० वीं जंयती के उपलक्ष्य में जिले के सभी वन धन केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमे सभी ब्लॉक के ब्लॉक परियोजना प्रबंधक एवं सीएलएफ स्टाफ मौजूद रहा।

## दीपावली मिलन समारोह आज

**डूंगरपुर।** अखिल राजस्थान प्रबोधक शिक्षक संघ डूंगरपुर का दीपावली मिलन समारोह नेहरूपार्क में रविवार को सुबह 1० बजे से शाम 5 बजे तक सम्पन्न होगा। जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह ददोडिया ने बताया कि इस मिलन समारोह में वर्ष भर का आय व्यय का ब्यौरा,प्रबोधकों की मुख्य मांग पुरानी सेवा की गणना, पदोन्नत हुए प्रबोधको को उचित पद स्थापन, शेष रहे योग्यताधारी प्रबोधको की पदोन्नति, प्रबोधक शारीरिक शिक्षकों की पदोन्नति करने, प्रत्येक विद्यालय में शारीरिक शिक्षक की नियुक्ति एवं नामांकन की बाध्यता हटाने हेतु चर्चा की जाएगी। साथ ही 15 नवंबर को मुख्यमंत्री के डूंगरपुर प्रस्तावित दौरे को लेकर स्वागत अभिनंदन हेतु रूप रेखा तैयार की जाएगी। जिलाध्यक्ष रविन्द्रसिंह ददोडिया ने जिले के समस्त प्रबोधक शिक्षको से आव्हान किया कि अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर संगठन को मजबूती प्रदान करावें।

## शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम

**डूंगरपुर।** भारतीय हॉकी की 100०० वीं वर्षगांठ पर स्थानीय लक्ष्मण मैदान, डूंगरपुर में जिला हॉकी संघ द्वारा आतिशबाजी के साथ भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में विजेता बालक वर्ग जनजाति हॉस्टल तीजवड, उप विजेता कनबा व बालिका वर्ग में करौली विजेता, उप विजेता कनबा रही। इस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नीतिन चौबीसा व अध्यक्षता जसवंत रोत ने की। जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष सैय्यद साबिर अली, सचिव देवीलाल डामोर, कोषाध्यक्ष संतोष बरण्डा व रमेश कटारा, हेमेन्द्र, प्रशांत माली,धनराज भमात व खेल अधिकारी नरेश डामोर उपस्थित थे। अन्त में आभार सैय्यद साबिर अली ने ज्ञापित किया।

## पेंशनर संघ की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**डूंगरपुर।** इम्प्लाइज पेंशनर स्कीम 95 के अंतर्गत आने वाले पेंशनर संघ ओर डिपार्टमेंटल पेंशनर संघ की संयुक्त बैठक उदयपुर जिला भारतीय मजदूर संघ द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक भवन उदयपुर में रविन्द्र हिमते राष्ट्रीय महामंत्री भारतीय मजदूर के मुख्य आतिथ्य अमरसिंह सांखला राष्ट्रीय संयोजक सेवानिवृत वर्दीचंद जैन वरिष्ठ संघ एवं प्रमोद मूंदडा,मनीषा मेघवाल के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई जिसमें सात राज्यों के सो से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें राजस्थान के डूंगरपुर,बांसवाडा, जयपुर,राजसमंद के पेंशनर ने भी भाग लिया। विशिष्ट अतिथि सांखला ने बताया कि देश में 95 पेंशनर स्कीम के सेवानिवृत मजदूर मात्र तीस साल की सेवा देने के बाद एक हजार रुपए ही पेंशन लेते हे जबकि विधायक सांसद तीन-तीन बार की हजारों रुपए पेंशन लेते हे ये उद्योग से निवृत पेंशनर के साथ मजाक हे इसीलिए संगठन बनाकर उदयपुर से उसकी शुरुआत की गई हे मुख्य वक्ता हेमंतजी ने इसे दुर्भाग्य पूर्ण बताते हुए बताया कि बीएमएस ने वित्त मंत्री, श्रम मंत्री से इस बारे में चर्चा की पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय किया कि देश भर से दस हजार से अधिक पेंशनर जनवरी में जंतर मंतर पर रैली कर न्यूनतम पांच हजार पेंशन देने ओर निजी उद्योग में सेवा निवृत की उम्र केंद्र ओर राज्य की तरह 60० साल करने की मांग और इसकी तैयारी के लिए चार दिसंबर का बैठक होगी ।

# सरकारी चिकित्सालियों के हालात खराब, रोगियों को नहीं मिल रही नि:शुल्क दवाईयां : डोटासरा

- कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने कहा सभी विभागों में भ्रष्टाचार हावी, जनता को कीमत चुकानी पड़ रही ।
- बूंदी में पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा के नेतृत्व में डोटासरा का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया

**बूंदी।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शनिवार प्रातः बूंदी सर्किट हाउस में कांठोस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये डोटासरा ने कहा कि दुखी पीड़ित लोग जब चिकित्सालय में इलाज करने जाते हैं तो प्रदेश में उनको पर्याप्त दवाइयां भी नहीं मिल पा रही है और नहीं चिकित्सालय में नि:शुल्क की जांचे हो रही है।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में सभी सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार हावी है और राजस्थान की आम जनता को इसकी कीमत चुकानी पड रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों को गुणवत्तापूर्ण पर्याप्त खाद बीज तक नहीं मिल पा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को बूंदी में भी चिकित्सालय में रोगियों को पर्याप्त दवाइयां नहीं मिलने और महत्वपूर्ण निशुल्क जांचों के बंद होने की जानकारी दी। पीसीसी सदस्य शर्मा ने कहा कि वर्तमान में सरकारी चिकित्सालय में गरीब लोगों को समुचित चिकित्सा तक नहीं पा रही है।

राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक पीसीसी सदस्य चर्मेश शर्मा के नेतृत्व में शनिवार प्रातः सर्किट हाउस में बडी संख्या में कांठोस व विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कांठोस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का 21 किलो का हार पहनाकर जोरदार पुष्पवृष्टि और नारेबाजी के साथ स्वागत किया। शर्मा के नेतृत्व में स्वागत करने वालों में इस अवसर पर राजस्थान ओबीसी कांठोस के प्रदेश महासचिव जगरूप सिंह रंधावा,एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर मीणा, युवा ब्राह्मण नेता पीयूष शर्मा गुल्लू, शिखर पंचोली, युवा कांठोस नेता कुणाल पारीक, मंथन पंचोली, शहर कांग्रेस सचिव दिव्यांशु वशिष्ठ, अरिहंत मित्तल, श्रवण शर्मा, एनएसयूआई नेता अमन राठौर, शिखर, तुषार दीपक, रोहन, निशांत, राजवीर, विवेक, राजेंद्र मीणा, बनवारी मीणा,नरेश सैनी सहित बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा शुक्रवार देर रात अजमेर से जयपुर पहुंचे और उन्होंने बूंदी सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम किया। बूंदी सर्किट हाउस में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा,जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर,पीसीसी सचिव व सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष आनंदीलाल मीणा, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला अध्यक्ष महावीर मीणा,पूर्व प्रधान मधु वर्मा,घनश्याम दुबे,लोकेश सुखवाल, कांग्रेस नेता मोडूलाल वर्मा, शिक्षक नेता शम्भूदयाल मेहरा, वक्फ बोर्ड उपाध्यक्ष हारून खान, जिला कांग्रेस महासचिव इश्तियाक अली,बूंदी शहर कांठोस अध्यक्ष शैलेश सोनी,पूर्व पार्षद यशवंत दाधीच,तालेड़ा मंडल अध्यक्ष इमरान देशवाली आदि कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मिले और उनका स्वागत किया और संगठनात्मक चर्चा की।

संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार)
प्लाट नं. 15 ए, सेक्टर- 7, द्वारका, नई दिल्ली-110075

**विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने की योजना (एस.वाई.ए)**

सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत, भारतीय शास्त्रीय नृत्य, रंगमंच, दृश्य कला, लोक, पारम्परिक एवं स्वदेशी कलाओं तथा सुगम शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में "विभिन्न सांस्कृतिक क्षेत्रों में युवा कलाकारों को छात्रवृत्तियाँ प्रदान करने की योजना" के अंतर्गत ऑफ़लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

कृपया ध्यान दें, आवेदन पत्र वर्ष 2025 - 26 के लिए आमंत्रित किये जा रहे है जो 10 नवम्बर 2025 से प्रभावी होंगे। इस वर्ष दी जाने वाली छात्रवृत्तियों की संख्या 400 है। योजना का विवरण आवेदकों हेतु निर्देश, योग्यता एवं शर्ते तथा आवेदन पत्र का स्वरूप भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र की निम्नलिखित वेबसाईटों पर उपलब्ध है :-

www.indiaculture.gov.in,www.ccrtindia.gov.in

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर, 2025 है।**
**आवेदन पत्र सिर्फ ऑफलाइन माध्यम द्वारा स्वीकार किये जायेंगे।**

CBC 09127/12/0007/2526